हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

04 भावांतर योजना पंजीयन बढ़ाने निकाली रैली



07 कलेक्टर के नवाचार पर कांग्रेस व भाजपा का...





## खबर संक्षेप

### नगर निगम कर्मचारी संघ की हुई बैठक

**सागर।** नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक प्रांतीय सचिव राजेशसिंह राजपूत, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों ने दो माह का वेतन, पदोन्नति एवं पूर्व का बकाया एरियस न दिये जाने पर आक्रोष व्यक्त किया। बैठक में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि 9 अक्टूबर गुरूवार को कर्मचारियों के दो माह का वेतन, पूर्व की एरियस राशि एवं पदोन्नति के संबंध में महापौर , निगमाध्यक्ष एवं निगमायुक्त को ज्ञापन देकर मांग जायेगी कि 14 अक्टूबर तक अगर दो माह का वेतन, एरियस का भुगतान एवं पदोन्नति नहीं की जायेगी तो अनिष्चित कालीन हड़ताल की जायेगी। जिसके लिये नगर निगम प्रषासन स्वयं जिम्मेदार रहेगा।बैठक में अखिलेश्वरनाथ शुक्ला, प्रदुन्न मिश्रा सहित अन्य कर्मचारियों ने कर्मचारियों की मांगों के संबंध में अपने-अपने विचार रखें। कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों ने समस्त कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि गुरूवार 9 अक्टूबर को प्रातः 12 बजे ज्ञापन सौपने के अवसर पर उपस्थित रहें।

### वायु सेवा दिवस पर विशेष आयोजन

**सागर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जमुनिया चिखली में वायु सेवा दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें देवरी नेहरू कॉलेज के पूर्व एनसीसी कैडेट्स ने विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व और इससे जुड़ी करियर संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स संदीप पाठक, दीपक भारके, छोटे सेन, राजेन्द्र कुर्मी, रिशव साहू और राज कोष्टि ने छात्र-छात्राओं को बताया कि एनसीसी न केवल अनुशासन का पाठ पढ़ाती है, बल्कि यह जीवन, शिक्षा और करियर में सफलता के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि एनसीसी के माध्यम से छात्र अग्निवीर योजना, वायु सेना, थल सेना और जल सेना जैसी सेवाओं में अपना भविष्य बना सकते हैं।

### मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**सागर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला सागर ने संघठन के जिला कार्यालय में स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरुण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री रामनाथ गणेशे रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी हेमंत सराठे,प्‌रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप पाठक, बिजली कर्मचारी महासंघ के किशोरी लाल रायकवार, रोजगार सहायक संघ की प्रदेश अध्यक्ष रानू राजपूत, सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश मंत्री प्रदीप सिंह रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सागर जिले के प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ भोपाल हेमंत सराठे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ संभाग सागर के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश जारोलिया, जिला मंत्री दीपक मिश्रा , संगठन मंत्री वीरसिंह ठाकुर, आशुतोष पाराशर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सहसचिव दुलीचंद पटैल ने एवं संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त अवधेश उपाध्याय ने किया ।

### व्यापार जगत देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है: शैलेंद्र जैन विधायक

# कैट सम्मेलन में गूंजे वोकल फॉर लोकल के स्वर, विधायक जैन और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवगठित टीम को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला इकाई सागर द्वारा होटल दीपाली पैलेस, मकरोनिया में जिला स्तरीय सम्मेलन एवं शपथग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि "व्यापार जगत देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। व्यापारी न केवल आर्थिक विकास के वाहक हैं बल्कि समाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को साकार करने में व्यापारी संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवगठित टीम को शपथ ग्रहण के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "कैट जैसी संस्थाएं व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और नीति निर्माण में अहम योगदान दे रही हैं।"




मुख्य अतिथि बी. सी. भरतिया ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "कैट का उद्देश्य केवल व्यापार का विस्तार नहीं, बल्कि 'व्यापारी जुटन-स्वदेशी महान' के भाव को जन-जन तक पहुंचाना है। विदेशी उत्पादों की निर्भरता घटाकर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है।"

उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति से ही व्यापारियों की आवाज़ शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकती है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. वाई.एस. ठाकुर ने कहा कि व्यापार जगत को अब डिजिटल और तकनीकी युग में आगे बढ़ने के लिए नवाचार पर ध्यान देना चाहिए। विश्वविद्यालय स्तर पर भी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के प्रयास हो रहे हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि कैट देशभर में व्यापारी हितों के संरक्षण और छोटे व्यापारियों के लिए एक सशक्त मंच बन चुका है।

प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल ने कहा कि नई टीम से अपेक्षा है कि वे जिले में संगठन को और सशक्त करें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी गोविन्ददास आसाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, तथा प्रदेश मंत्री सुरेश होलानी, अजीत समैया एवं निकेश गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं और व्यापारियों के हक में संगठनात्मक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कैट सागर की नवगठित टीम को विधिवत शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री अनिमेष शाह ने किया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय भूषण वर्मा, संजीव दिवाकर, प्रमेंद्र रिछारिया, राकेश बजाज, विक्रम सोनी, सौरभ सिंघई, मुन्ना भाई गुजराती नमकीन, आनंद स्टील, ऋतुराज जैन, विकास मोदी, सौरभ जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

## बरोदिया कलां में आडिटोरियम हेतु 4.61 करोड़ की स्वीकृत, गीताभवन की तर्ज पर बनेगा आडिटोरियम



**सागर।** पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक के विशेष प्रयासों से नगर परिषद बरोदिया कलां क्षेत्र में मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत आडिटोरियम निर्माण कार्य हेतु 460.97 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। प्रस्तावित आडिटोरियम गीता भवन के मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा।नगर परिषद बरोदिया कलां में सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार हेतु वर्ष 2023 में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने प्रस्ताव मप्र शासन को भेजा था। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत शामिल करते हुए गीता भवन के रूप में स्वीकृत किया जाकर कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग को भेजा गया है। इस कार्य के लिए 460.97 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासन ने दी है। इस कार्य हेतु निविदा प्रक्रिया भी हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ होगा। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा के बरोदिया कलां नगर परिषद को गीता भवन के रूप में आडिटोरियम की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव व नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।



## जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश ने किया बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में आज कांग्रेस जनों ने मेडिकल कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें अनेको कमियां देखने को मिली। शोचालयो के दरवाजे टूटे है, मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा, लम्बी कतारे पंजीयन एवं ओ पी डी में देखने को मिली। अध्यक्ष महेश जाटव एवं कांग्रेस जनों नें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डीन सें चर्चा कर समस्याओ सें अवगत कराया।निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक सुनील जैन, खुरई विधानसभा प्रभारी मुकुल पुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित राम जी दुबे, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, जनपद सदस्य मोंटी यादव, चमन अंसारी, आनंद हेला, जितेंद्र चौधरी, निलेश चौधरी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## परशुराम कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर संगीता तिवारी से भेंट की

**सागर।** परशुराम कल्याण बोर्ड का प्रतिनिधिमंडल महापौर संगीता सुशील तिवारी से भेंटकर शुभकामनाएं दी। महापौर ने जिस प्रकार ब्राह्मण समाज के हित लिये घोषणाएं की जिसमें सिविल लाइन चैराहे का नाम परशुराम चैराहा रखा है। सिविल लाइन वार्ड का नाम भगवान परशुराम वार्ड रखा है और विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा भगवान परशुराम की सागर में स्थापित करने की घोषणा की है उसका हम सभी परशुराम कल्याण बोर्ड के जिले के पदाधिकारी स्वागत वंदन अभिनंदन करते हैं। परशुराम कल्याण बोर्ड राष्ट्रहित कार्य में संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पंच परिवर्तन कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण एवं स्वच्छता का संदेश देने के लिए हमारे सागर नगर की प्रथम नागरिक महापौर संगीता सुशील तिवारी को कार्तिक पवित्र माह में तुलसी का पौधा भेंट किया एवं तुलसी की माला पहनाकर स्वागत किया।





**गढाकोटा।** शरद पूर्णिमा महोत्सव की पावन पुनीत पर्व पर संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर जी, महामुनि राज एवं एवं आचार्य श्री समय सागर जी महामुनि राज के अवतरण दिवस पर शोभा यात्रा नगर की प्रमुख मार्गो से होती हुई बड़े मंदिर पहुंची। जहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के सामने आचार्य गुरुवर विद्या सागर जी मुनि महाराज की चरण कमल स्थापना महोत्सव संपन्न हुआ।

# प्रशासन की कार्रवाई को लेकर गढाकोटा औषधीय संघ ने विरोध में किए मेडीकल बंद

### मेडिकल स्टोर संचालक एकजुट होकर समस्त मेडिकल बंद रखे व अपना विरोध जाहिर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा में औषधीय विक्रेता संघ के बेनर तले नगर के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर व्यापक रूप से देखने को मिला है जहां सभी मेडिकल स्टोर संचालक एकजुट होकर समस्त मेडिकल बंद रखें एवं अपना विरोध जाहिर किया। बंद के एक दिन पूर्व औषधीय विक्रेता संघ द्वारा कलेक्टर सागर के नाम तहसीलदार महेश दुबे को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से जिला प्रशासन के द्वारा लगातार मेडिकल स्टोरों की जांच एवं कार्रवाई की जा रही थी मेडिकल स्टोर संचालकों का कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा एक तरफा कार्यवाही की जा रही है जिससे मेडिकल संचालकों में आक्रोश व्याप्त है । मेडिकल स्टोर संचालकों का कहना है कि सागर में सिंघई मेडिकल पर जारी निलंबन आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा मेडिकल संचालकों पर एक तरफा कार्रवाई को भी बंद किया जाए। हमारी मांगे पूरी नहीं करता है तो हमारी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस अवसर पर सभी मेडिकल स्टोर्स संचालक मौजूद रहे। औषधीय विक्रेता संघ गढाकोटा के अध्यक्ष हरीश चौरसिया ने बताया कि संपूर्ण सागर जिले शासन द्वारा मेडीकल स्टोर्स पर कार्यवाही की जा रही है जबकि नियम बने हैं जहां दवाईयां बनाई जा रही है ओर यह गड़बड़ी हुई है ओर दवाईयां पैकिंग कि जा रही है वहां की व्यस्था को देखना ड्रग कंट्रोलर का है वहां उन्हें चैकिंग करना चाहिए। हमें तो जो दवाइयां मरीजों को डाक्टर लिखता हमें वो देना पड़ती है ओर जो भी नियमानुसार गलत दवाएं होती है तो शासन से निर्देश आते हैं तो हम लोग उसका पालन करते है वहां से निर्देश आता है कि यह दवाएं गलत है इन्हें वापिस कर दो तो हम लोग वापिस कर देते हैं । लेकिन एकाएक जो मेडीकलो कि जांच हो रही है सागर में तीन घंटे में जांच हुई साढ़े पांच बजे जांच हुई साढ़े सात बजे नोटिस मिल गया। आधा घंटे में जबाब दो ओर एक घंटे में तीन दिन के लिए बंद करने का नोटिस मिल गया। इस यही मतलब है कि आप तानाशाही पूर्व जांच कर रहे हैं आप जांच कीजिए जिले में ऐसी कोई दुकान नहीं जहा गलत दवाएं मिल रही हो।




ज्ञापन के संबंध में तहसीलदार महेश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल एसोसिएशन द्वारा एक मंगलवार को ज्ञापन दिया गया था जिसमें श्री मान कलेक्टर महोदय सागर के नाम से संबोधित था जिसमें यह कहा गया था कि जिसमें मांग थी कि जो मेडीकल स्टोर्सो कि जांच की जा रही है उसको तत्काल बंद किया जाए। ओर सिंघई मेडीकल पर की गई कार्रवाई वापिस ली जाए। ज्ञापन कलेक्टर महोदय को प्रेषित किया गया है।

## वाल्मीकि जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी की मूर्ति स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा

**गढ़ाकोटा।** वाल्मीकि समाज द्वारा लालपुरा टैगोर वार्ड में महर्षि वाल्मीकि जी की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा शोभा यात्रा निकाल गई। शोभा यात्रा मंगलवार को वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस वाल्मीकि मंदिर पर समापन हुई । एवं शाम को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना विधि विधान से कराई गई। वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर सभी ने पूजन कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी सम्मिलित होकर समारोह को संबोधित किया। अमन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत यादव, महेंद्र सेठ, पार्षद कल्पना नवीन अहिरवार, संजय दुबे, भरत चौरसिया, समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। मंच संचालन विक्की जैन ने किया।

### विश्वविद्यालयः नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ का हुआ आयोजन

# भारतीयता के बोध के साथ देश का गौरव बढ़ाएंः कुलपति प्रो. वाय. एस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध पाठ्यक्रम में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में संपन्न हुआ । देवी सरस्वती एवं डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने की । मुख्य अतिथि रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के कुलपति प्रो. विनोद कुमार मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन एवं डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय थे। कार्यक्रम के समन्वयक एवं अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण प्रो. डी. के नेमा ने स्वागत वक्तव्य देते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित कर कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया । इस अवसर पर डॉ. गौर पर एवं विश्वविद्यालय पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया ।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रभारी कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर ने कहा कि नव प्रवेशित विद्यार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें डॉ. गौर द्वारा स्थापित इस महान विश्वविद्यालय में प्रवेश मिला है । उन्होंने कहा कि डॉ. गौर के स्वप्नों और विरासत को विश्व भर में पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सब के कंधों पर है । उन्होंने कहा कि हम आप अलग-अलग प्रदेशों के निवासी हो सकते हैं लेकिन सबसे पहले हम सब भारतीय हैं । भारतीयता का बोध और उसके गौरव को स्थापित करने का काम हम सबका है । उन्होंने कहा कि हमें स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देना चाहिए और अपनी स्थानीय इकॉनोमी को मजबूत करना चाहिए तभी भारत सही मायने में आत्मनिर्भर बनेगा । आप सभी यह बोध पैदा करें कि जीवन में क्या करना है और क्या नहीं करना है । इस विश्वविद्यालय में व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास, चारित्रिक विकास सहित विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए कई केंद्र और गतिविधियाँ संचालित हैं । सभी विद्यार्थी इसमें पूरे मनोयोग से सहभागी बनें और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें।




मुख्य अतिथि प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि समय की पाबंदी और ईमानदारी जीवन में बहुत आवश्यक है. अगर आपको आगे बढ़ना है तो इन दोनों महत्त्वपूर्ण पहलुओं को हमेशा ध्यान में रखना होगा । जीवन में समन्वय का भाव होने के साथ-साथ संघर्ष का भी भाव होना चाहिए । संघर्ष से व्यक्तित्व में निखार आता है । सेवा का भाव व्यक्ति को महान बनाता है. स्वाभिमान और स्व तकनीक के माध्यम से अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विद्यार्थी कार्य करें । उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए शिक्षा आवश्यक है । आपके माता-पिता के संघर्ष, त्याग, तपस्या के कारण आपको इस महान संस्था में पढ़ने का अवसर मिला है । इसलिए अध्ययन में मन लगाएं और संघर्ष और तप को यथार्थ स्वरुप प्रदान करें।

कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने कहा कि दीक्षरम्भ कार्यक्रम आपको अपने संस्थान से परिचित कराता है. विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिले इसका यही उद्देश्य है । उन्होंने कहा कि वे स्वयं यहाँ की छात्र रही हैं । लाखों विद्यार्थी यहाँ से पढ़कर इस विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं, यही अपेक्षा आप सबसे भी है ।

डॉ एस पी उपाध्याय ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और परीक्षा प्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि परीक्षा आपकी ईमानदारी, ज्ञान और अनुशासन का मूल्यांकन है । इसलिए आप कक्षाओं के दौरान ज्ञान अर्जन करते समय अनुशासन में रहते हुए परिश्रम करें. अभ्यास का कोई अन्य विकल्प नहीं है इसलिए अभ्यास करते रहिये । उन्होंने विश्वविद्यालय में मौजूद ई-सुविधाओं की भी जानकारी दी । कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को परीक्षा, अनुशासन, छात्रावास, सांस्कृतिक, सूचना प्रौद्योगिकी, खेल कूद, एनसीसी, एनएसएस, पुस्तकालय, चिकित्सा, प्लेसमेंट इत्यादि केन्द्रों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई ताकि विद्यार्थी इनसे परिचित होकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ ले सकें। सत्र के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया ।



## विधायक शैलेंद्र जैन ने नगर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तिली तिराहे पर लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन ऑडिटोरियम के कार्य की प्रगति देखी। निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने बताया कि ऑडिटोरियम का प्लिंथ लेवल का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है और निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक जैन ने बताया कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने 8- 8 करोड़ रुपए की लागत से दो ऑडिटोरियम स्वीकृत कराए हैं। इनमें से एक तिली तिराहे पर निर्माणाधीन है, जबकि दूसरा शीघ्र ही अन्य स्थान पर प्रारंभ किया जाएगा। यह ऑडिटोरियम आधुनिक तकनीक से निर्मित होगा, जिसमें साउंड सिस्टम, एसी हॉल, डिजिटल स्क्रीन, ऑटोमेटिक सीटिंग सिस्टम सहित सभी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके बन जाने से शहरवासियों को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक आयोजनों के लिए एक भव्य मंच प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने कृष्णगंज वार्ड में चल रहे कृष्णगंज उद्यान के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया।

## खबर संक्षेप

### लखनऊ की रैली में शामिल होंगे बसपा के हजारों कार्यकर्ता

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ता 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली रैली की तैयारियों में जुटे हैं। जिलाध्यक्ष अमन संतोष के नेतृत्व में ललितपुर स्थित बसपा कार्यालय में रैली को सफल बनाने की रणनीति बनाई जा रही है। इस रैली में ललितपुर से 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है। जिलाध्यक्ष अमन संतोष ने बताया कि ललितपुर की दोनों विधानसभाओं से 15-15 बसें, यानी कुल 30 बसें लखनऊ के लिए रवाना होंगी। इसके अतिरिक्त, 50 से अधिक चार पहिया निजी वाहन भी कार्यकर्ताओं को लेकर जाएंगे। कुछ कार्यकर्ता ट्रेन से भी लखनऊ पहुंचेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि ललितपुर में 104 सेक्टर हैं, और 5-6 सेक्टरों को मिलाकर एक बस की व्यवस्था की गई है। सक्षम कार्यकर्ता अपने निजी खर्च पर बसों का इंतजाम कर रहे हैं। सभी बसें 8 अक्टूबर को शाम 4 बजे हाईवे स्थित झरर घाट से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी और 9 अक्टूबर की सुबह तक पहुंच जाएंगी। जिलाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि ललितपुर में हो रहे उपचुनाव में बसपा ने अपना कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं किया है और न अन्य पार्टी को समर्थन दिया है।

### नाबालिग लड़कियों को भाग ले जाने का आरोप

**ललितपुर** । नेहरू नगर निवासी एक अभिभावक अभिभावक ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री देवी जी की झांकियां को देखने घर से निकली थी फिर लौट कर वापस नहीं आई खोजबीन करने पर पता लगा कि गोविंद नगर निवासी एक लड़का बहला फुसला कर मेरी पुत्री को भगा ले गया है मेरी पुत्री लगभग 17 वर्ष की है और नाबालिग है पुलिस ने कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर गोविंद नगर निवासी मोहम्मद उमर पुत्र रफीक के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 173 (2) 351(3) मुकदमा पंजीकृत कर तलाश जारी की है।

### मानकों को दरकिनार कर मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़, जिम्मेदार मौन

# हादसों के बाद भी नहीं लेते सरकारी अस्पताल व निजी अस्पताल सबक

अग्निशमन विभाग के पत्राचार के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

**ललितपुर।** सरकारी व निजी अस्पतालों में आगजनी से होने वाली मौतों के मामले थमने का नाम नही ले रहे है, अस्पतालों में मानकों के अनुसार अग्निशमन यंत्रों के न होने के कारण यह घटनायें बढ़ती जा रही है। जनपद ललितपुर में सरकारी अस्पताल हो या प्राईवेट अस्पताल किसी में पूरे मानक न होने के कारण अग्रिशमन विभाग द्वारा कई बार पत्राचार करने के बाद भी जिम्मेदार सुरक्षा के उपकरण के पुख्ता इंतजाम करने की ओर ध्यान नही दे रहे है।

हाल ही में मध्यप्रदेश के जबलपुर की अस्पताल में आगजनी की घटना होने से आठ लोगो की मौत के हादसे ने फिर खामिया उजागर कर दी है। आगजनी की घटना के बाद फायर विभाग ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। अब देखना यह है कि दमकल विभाग द्वारा कई बार अस्पतालों को पत्राचार करने के बाद कोई सुधार न आने पर क्या सख्त कार्यवाही की जाती है।

### आग बनी चेतावनी, अस्पतालों में अग्निशमन मानकों की अनदेखी पर उठे सवाल



मध्य प्रदेश के जबलपुर में दमोह नाका स्थित न्यू लाइफ मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल में सोमवार दोपहर लगी भीषण आग में चार मरीजों सहित आठ लोगों की मौत और पांच के घायल होने की घटना ने पूरे स्वास्थ्य तंत्र को झकझोर दिया है। यह हादसा एक बार फिर अस्पतालों में अग्निशमन सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर गया है। इसी संदर्भ में अब जनपद ललितपुर के अस्पतालों की अग्नि सुरक्षा स्थिति भी चर्चा में है। जानकारी के अनुसार, जिले में संचालित अधिकांश सरकारी अस्पतालों ने अब तक अग्निशमन विभाग से अंतिम अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का भी परिचायक है। सबसे अधिक गंभीर स्थिति जिला अस्पताल ललितपुर की बताई जा रही है, जो जनपद का सबसे बड़ा एवं सर्वाधिक बेड वाला अस्पताल है। अग्निशमन विभाग द्वारा बार-बार पत्राचार किए जाने के बावजूद, अब तक फाइनल एनओसी के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जितने अधिक बेड और मरीज, उतना अधिक अग्नि जोखिम, ऐसे में जिला अस्पताल जैसी इमारतों में सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। इसी प्रकार तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी फाइनल एनओसी लेने में लापरवाही बरत रहे हैं। दूसरी ओर, निजी क्षेत्र की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है जनपद के लगभग 90 प्रतिशत निजी नर्सिंग होम्स ने फाइनल एनओसी प्राप्त कर ली है। हालांकि, ईसाई मिशनरी अस्पताल ललितपुर जैसे कुछ संस्थान अब भी मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, जो उतना ही चिंतनीय है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जबलपुर की घटना इस बात का प्रमाण है कि अग्नि सुरक्षा में लापरवाही सीधा जन-धन की हानि का कारण बनती है। ललितपुर के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को उत्तर प्रदेश फायर सर्विस पोर्टल पर आवेदन कर शीघ्र फाइनल एनओसी प्राप्त करनी चाहिए। जिला अस्पताल जैसे प्रमुख संस्थानों द्वारा अग्निशमन प्रमाण पत्र प्राप्त न करना जनहित एवं राज्य सरकार की नीतियों के विपरीत है। इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर ठोस कार्रवाई करें, ताकि जबलपुर जैसी किसी त्रासदी की पुनरावृत्ति ललितपुर में न हो सके।

### बुधवार हाट बाजार में किसानों को किया जागरूक

# भावांतर योजना पंजीयन बढ़ाने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

भावांतर योजना के तहत किसानों का पंजीयन बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को पलेरा नगर के हाट बाजार में रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कृषि विभाग एवं कृषि उपज मंडी समेत समिति प्रबंधको के द्वारा आयोजित हुई। रैली में किसानों, युवाओं और आम नागरिकों के साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पलेरा रमाकांत लोधी, धर्मेंद्र कुमार कृषि उपज मंडी समिति पलेरा, अनुराग त्रिपाठी, तुफैल मकबूल खान, सुनील कुमार रैकवार, शिवचरण राजपूत, अजय यादव समेत अन्य ने भाग लिया। सभी ने किसानों को इस योजना से जुड़ने और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। रैली का उद्देश्य किसानों को समय रहते पंजीयन के लिए जागरूक करना था।अधिकारियों ने रैली के माध्यम से बताया कि भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को ई-उपार्जन पोर्टल पर 17 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन कराना अनिवार्य है। यह योजना विशेष रूप से सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए चलाई जा रही है, जिससे उन्हें उपज का उचित मूल्य मिल सके।

### लगातार रफ्तार पकड़कर स्वच्छ शहर होगा हमारा ललितपुर

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर होगा शहर का विकासः नीलम चौबे



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी की नपाध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रीमती नीलम आशीष चौबे का जनसंपर्क अभियान दिन-प्रतिदिन रफ्तार पकड़ता जा रहा है।

शहर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया और साथ ही शहरवासियों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जहां उन्होंने कहा कि ललितपुर शहर का स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकास किया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने जगह-जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में उनके प्रति खासा उत्साह देखा गया। नीलम चौबे ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह विकल्प है जो जनता की तकलीफों को समझती है और विकास की बात करती है। उन्होंने भाजपा सरकार पर नगर की बदहाल सड़कों, पेयजल संकट और स्वच्छता की खराब स्थिति को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता अब झूठे वादों से तंग आ चुकी है और बदलाव चाहती है।वार्ड-वार्ड में मिल रहे अभूतपूर्व जनसमर्थन से सपा कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। सपा के स्थानीय नेताओं का कहना है कि इस बार नगर पालिका में साइकिल की लहर पूरे जोश पर है। इस दौरान हरीबाबू शर्मा, रामदास श्रोतीय, गीता मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, नगराध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद थे।

# सीएमओ और सीडीएम ने स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



**ललितपुर** । बिरधा ब्लाक के ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी जी को दिए गए शिकायती पत्र के बाद जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद तुरंत ही सीएमओ ने सोमवार को बिरधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया जिसमें भारी मात्रा में कमियां पाई गई और स्वास्थ्य केंद्र में भारी गंदगी थी ।जिसको सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित कर सामने ही अस्पताल की साफ सफाई करवाई और स्टाफ नर्स को फटकार लगाते हुए सारी व्यवस्थाओं की स्वयं जांच की । और महिला मरीज की शिकायत पर तुरंत ही खराब पड़े पंखों को बदलवाया । और खराब पड़े वाटर कूलर को बदलवाकर नए वाटर कूलर को तुरंत ही मंगवाकर लगवाया और आज 1बजे दिन तक अस्पताल में उपस्थित रहकर स्तब्ध पड़ी सारी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलवाया। जिससे मरीज आज प्रसन्न चित दिखे और उन्हें तुरंत ही इलाज मिला।

### वीडियो कॉल से दर्ज होगी उपस्थित

देर से आने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों के प्रति सख्त रवैया दिखाते हुए सीएमओ साहब ने आज से ही खुद सुबह 10:15 पर सभी की वीडियो कॉल से खुद अटेंडेंस लेंगे और जो अनुपस्थित पाया जाएगा उसकी तुरंत ही अपसेंट लगाकर नोटिस जारी किया जाएगा । वीडियो कॉल से प्रतिदिन अटेंडेंस लेंगे।

अधीक्षक ने अनुपस्थित डॉक्टरों को भेजा नोटिस

चिकित्सा अधीक्षक ने तुरंत ही कार्यवाही करते हुए डॉ अनिल कुमार, प्रियंका गौतम, माया श्रीवास्तव की अपसेंट लगाकर उनको नोटिस भेजा और दिनभर खुद उपस्थित रहकर सामने ही सारी व्यवस्थाएं ठीक करवाई।

# नगर गौरव एलाचार्य प्रभावना भूषण महाराज को जैन समाज ने दी विन्यांजलि



**ललितपुर।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में नगर गौरव एलाचार्य प्रभावना भूषण महाराज के समाधिस्थ होने पर विन्यांजलि सभा में वक्ताओं ने मुनि श्री की उत्कृष्ट साधना और त्याग को नमन किया।

सिंहरथ प्रवर्तक आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर महाराज से दीक्षित एलाचार्य महाराज के ग्रहस्थ जीवन से संबंधित अनेक संस्मरण वक्ताओं ने बताते हुए कहा जीवन में वैराग्य की कोई उम्र नहीं होती और न ही वैराग्य एक दो दिन की साधना से आता है इसके लिए निरंतरता जरूरी है। समाधि को उत्कृष्ट साधना बताते हुए आचार्यश्री निर्भयसागर महाराज ने कहा प्रत्येक श्रावक को ऐसी भावना करनी चाहिए कि जीवन का अन्तिम समय गुरू सानिध्य में रहे और मरण समाधि पूर्वक हो।

विन्यांजलि सभा में न्यायाधीश रायसेन अरविन्द जैन ने जीवन में संस्कारों को प्रेरणादायी बताते हुए कहा यही संस्कार हमें जीवन में सदगति प्रदान कराने में कारण बनते हैं। विन्यांजलि सभा का शुभारम्भ नीली श्राविका मण्डल ने आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण कर किया। जैन पंचायत अध्यक्ष डा० अक्षय टडैया, अवध विहारी उपाध्याय, कैप्टन राजकुमार जैन, नेमिकुमार जैन एड, अनिल जैन अंचल, अक्षय अलया, सतीश नजा, श्रयांस जैन गदयाना, पं० शीतल प्रसाद जैन, रितिक जैन सुनील सराफ, ब्रहमचारी संतोष भैया, संजय जैन हिरावल, अनीता मोदी, सुमन दिवाकर, उमा सैदपुर, प्राची जैन ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन ने किया ।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सनत जैन खजुरिया, महेन्द्र जैन मडवैया, प्रबंधक मोदी पंकज जैन, मनोज जैन बबीना, अजय जैन गंगचारी, आनंद जैन भागनगर, सुवेन्दु जैन बंट, प्रेमचंद विरधा, प्रदीप जैन सतरवांस, सुधीर जैन जरावली, सौरभ जेन पीलू सुभाष जैन खुरई, अनंत सराफ, मनोज जैन, शैलेश जैन पिन्टू आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत हुए प्रतिपाल सिंह को दी भावभीनी विदाई



**पलेरा।** जनपद पंचायत कार्यालय पलेरा में पदस्थ कर्मचारी प्रतिपाल सिंह वर्षों की सेवाएं देने के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिपाल सिंह एक अच्छे व्यवहार कुशल व कर्मठ व्यक्ति हैं। वह अपने लंबे कार्यकाल में निर्विवाद रहे। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर हम सब उनके आगे के जीवन के लिए मंगलकामना करते हैं कि वे सुखी और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर उन्होंने फूल-माला, श्रीफल और शॉल से सेवा से निवृत्त हुए कर्मचारी प्रतिपाल सिंह का सम्मान किया। इस दौरान सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, नरेंद्र खरे, रवि ताम्रकार, केएल लोधी, रामकुमार तिवारी, ललित तिवारी, अनवर खान, वीरेंद्र सेन, बबलू पठान समेत समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिलाओं ने उतारी आरती

# भगवान जखीरा सरकार की भव्य रूप सें निकली पालकी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

शरद पूर्णिमा पर्व पर भगवान जखीरा सरकार की भव्य पालकी यात्रा संपूर्ण नगर में निकाली गई। स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह पालकी को अपने कंधे पर रखते हुए पुण्य लाभ कमाया। इसके अलावा भगवान जखीरा सरकार के विमान को अपने घरों के बाहर साज सज्जा करते हुए महिलाओं के द्वारा आरती उतारी गई। भक्तों के द्वारा खीर, मिठाई का भोग अर्पित किया गया। बताया गया है कि परंपरागत तरीके के साथ प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा के मौके पर भगवान जखीरा सरकार की पालकी यात्रा संपूर्ण नगर में निकली जाती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान की पालकी के नीचे से गुजरने पर लोगों की कई मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### परीक्षा में लगाए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा-निर्देश बारीकी से बताए

# प्रांतीय सिविल सेवा-पीसीएस परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढ़ग से आयोजित कराने के लिए जिलाधिकारी ने ली बैठक

12 अक्टूबर रविवार को जनपद के 7 परीक्षा केन्द्रों पर 2 पालियों में 2880 परीक्षार्थी देंगे पीसीएस परीक्षा

**ललितपुर।** जनपद में 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली प्रांतीय सिविल सेवा-पीसीएस परीक्षा को सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली ने कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की।



बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा हेतु लगाये गए सभी अधिकारियों को अवगत कराया कि जनपद में 12 अक्टूबर रविवार को दो पालियों में (प्रातः 9:30 से 11:30 एवं दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक) पीसीएस परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 2880 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए जनपद के राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, रघुवीर सिंह महाविद्यालय, नेहरु महाविद्यालय खण्ड ए एवं बी तथा श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, कुल 7 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। इसके साथ ही परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 7 सेक्टर व 7 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गए हैं जो अपनी निगरानी में परीक्षा सम्पन्न करायेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की गई हैं तथा एक-एक मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सीसीटीवी कैमरे, कण्ट्रोल रुम, कक्षों में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बारिश से बचाव के इंतजाम, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें। किसी भी सूचना के आदान प्रदान के लिए जिला स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें सभी अधिकारियों को जोड़ा गया है, यदि कोई नहीं जुड़ पाया है तो वे जिला विद्यालय निरीक्षक से सम्पर्क कर अपना नम्बर ग्रुप में जुड़वा लें।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रश्न पत्रों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की होगी, इसलिए सेक्टर मजिस्ट्रेट पहली पाली के लिए प्रातः 6:30 बजे व दूसरी पाली के लिए 11 बजे कोषागार से ट्रंक बॉक्स प्राप्त कर लें। परीक्षा केन्द्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट सीसीटीवी की निगरानी में एवं केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही ट्रंक बॉक्स रिसीव करायेंगे। परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केन्द्र पर सभी अधिकारी/कर्मचारियों के गले में पहचान पत्र होने चाहिए, अधिकारियों के पहचान पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय से व केन्द्र पर कर्मचारियों के पहचान पत्र केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा जारी किये जायेंगे। महिला परीक्षार्थियों की चैकिंग के लिए प्रत्येक केन्द्र पर अलग से व्यवस्था की जाएगी, जहां महिला पुलिस कर्मी तैनात रहेंगी। परीक्षा केन्द्रों पर पहली पाली में 8:45 एवं दूसरी पाली में 1:45 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्त होने तक केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे, कही भी कोई घटना होने पर तत्काल कंट्रोल रुम को सूचित करेंगे।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक डिवाइज, स्मार्ट वॉच, गहना व मोबाइल फोन पूर्णतः वर्जित है। इन वस्तुओं को जमा करने के लिए केन्द्र पर व्यवस्था की जाए। परीक्षा केन्द्र पर लगे कार्मिकों और परीक्षार्थियों की सघन तलासी एवं चेहरा प्रमाणीकरण किया जाएगा, साथ ही बायोमेट्रिक भी की जाएगी। इन्विजिलेटर प्रश्नपत्रों के शील्ड बण्डल परीक्षार्थियों के सामने खोलेंगे एवं परीक्षा समाप्त होने से 5 मिनट पहले कक्ष को अंदर से बंद करके परीक्षार्थियों से उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करेंगे। परीक्षा समाप्त होने पर ट्रंक बॉक्स शील करते समय सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक सामग्री अपने निर्धारित स्थान पर ही रखी जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें, अधिकारियों का प्रशिक्षण 9 एवं 11 अक्टूबर को राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर हो रही गतिविधियों की लाइव स्ट्रीमिंग आयोग के मुख्यालय से देखी जाएगी, इस लिए आयोग के दिशा-निर्देशों के इतर कोई भी गतिविधि न करें।

जिलाधिकारी ने परीक्षा हेतु नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी कार्मिक 18 वर्ष से कम आयु का न हो।

## कांग्रेस ने घेरी कलेक्ट्रेट, भाजपा नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# कलेक्टर के नवाचार पर कांग्रेस व भाजपा का हल्लाबोल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर को पराली मुक्त जिला बनाने के कलेक्टर अर्पित वर्मा के नवाचार पर बुधवार को उस समय झटका लगता दिखाई पड़ा जब कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने किसानों के साथ मिलकर हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। दोनों ही ज्ञापन में पराली को जलाने से रोकने वाले डीएम के फरमान को वापस लेने की मांग प्रमुख रूप से अंकित की गई है।

विधायक बाबू जंडेल के नेतृत्व में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर खूब नारेबाजी की इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी के लेटर पैड पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विधायक जंडेल ने बताया कि विगत 7 अक्टूबर को अचानक आई बारिश ने क्षेत्र के किसानों को बर्बाद कर दिया है। बारिश के साथ चली तेज आंधी धान की खड़ी फसल को जमीन पर सुला दिया जिससे कई जगह धान में 50 फीसद तक नुकसान हुआ है। विधायक ने प्रशासन को बताया कि अचानक हुई प्रकृति की मार से किसान बर्बाद हो गए हैं अगर किसानों को बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिला तो कर्ज में डूबे किसान आत्महत्या भी कर सकते हैं। इस दौरान ज्ञापन में पराली को जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध को अनुचित बताकर इसे हटाने की मांग करते हुए प्रशासन को सुझाव दिया है कि शोपुर जिले में कृषि योग्य भूमि के लिए काली मिट्टी अधिक है जिस पर सुपर सीडर काम नहीं करता है इसलिए इस क्षेत्र में किसानों को पराली जलाने से रोकना न्याय संगत नहीं है। विधायक ने बताया कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो किसान धान कटाई के बाद रबी सीजन वाली फसल की रोपाई नहीं कर पाएगा। इसलिए पराली जलाने पर लगाया गया प्रबंध तत्काल हटाया जाए इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, रितेश तोमर, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।



### आंदोलन से पहले कलेक्टर ने दिए सर्वे के निर्देश

बुधवार को हास्यादपद स्थिति दोनों ही दलों के सामने तब निर्मित हो गई जब दोनों ही दलों ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पराली जलाने पर रोक लगाने और बारिश से धान की बर्बाद हुई फसल के मुआवजा की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाने का उल्लेख किया गया था पर कलेक्टर ने देर शाम ही आदेश जारी करते हुए वर्षा से फसल के नुकसान का आंकलन करने के निर्देश जारी कर दिए जिससे बृजराज सिंह ने तो इस मांग को अपने पत्र में शामिल नहीं किया अलबत्ता कांग्रेस ने जरूर मुआवजा के मांग कर लेकर ज्ञापन सौंपा।



### पराली जलाने से रोकना अव्यवहारिकः ब्रजराज

इस दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान ने भी किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया उन्होंने कलेक्टर के नाम पत्र एसडीएम गगन मीणा को सौंपा जिसमें पराली को जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध पर पुनः विचार करने की मांग की गई है। मांग पत्र में पूर्व विधायक ने उल्लेख किया है कि किसानों को पराली को जलाने के बजाय उसे सुपर सीडर के माध्यम से हरि खाद में तब्दील करने की विधि श्योपुर जिले में अनुपयोगी है, श्योपुर, बड़ौदा और कराहल में जमीन काली मिट्टी वाली है और यहां बहुतायात में धान की फसल उपजाई गई है काली मिट्टी में सुपर सीटर अनुपयोगी होता है ऐसी स्थिति में किसानों को पराली जलाना मजबूरी बन जाएगा। अगर किसानों को पराली जलाने से रोका गया तो वह अगले सीजन की बुवाई नहीं कर पाएंगे इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी गिर्राज सिंह, जनपद सदस्य यश प्रताप सिंह चौहान, दीनबंधु मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजुद रहे।

## पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस मारपीट का मामला

# अखबार में नाम न छपने पर सामरसा में चले लाठी-डंडे, 9 लोग जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव सामरसा में बीती शाम को दो पक्षो के लोगों के बीच जमकर लातघूसे और लाठी डंडे चल गए। इस विवाद में दोनों तरफ के 9 लोग जख्मी हो गए है। यह विवाद एक पक्ष के लोगों का नाम अखबार में न छपने की बात को लेकर हुआ। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने दोनो पक्ष के लोगों के खिलाफ मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

मानपुर थाना पुलिस के मुताबिक पंजाब में आई बाढ से पीडित लोगों की मदद करने के लिए सामरसा गांव के लोगो ने आपस में मिलकर धन राशि जुटाई थी। इसके बाद एकत्रित धन राशि को पंजाब के बाढ पीडितों के लिए भिजवा दी। जिसकी खबर अखबार में भी प्रकाशित कराई गई। लेकिन अखवार में प्रकाशित हुई खबर में एक पक्ष के एक व्यक्ति का नाम छप नहीं सका। इसी बात को लेकर रामभरत मीणा और गिर्राज मीणा पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया। गाली गलौच से शुरू हुआ विवाद इतना बढ गया कि दोनों पक्ष के लोगों के बीच जमकर लातघूसे और लाठी डंडे चल गए। विवाद में एक तरफ से गिर्राज मीणा, पवन, शिव, घनश्याम मीणा घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ से रामभरत मीणा, त्रिलोक मीणा, दिलखुश, लवकुश, हेमंत मीणा जख्मी हो गए।जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया।



मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि इस मामले में गिर्राज पुत्र लड्डूलाल मीणा की रिपोर्ट पर त्रिलौक, लवकुश, दिलखुश, हेमंत, रामभरत के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष के रामभरत मीणा पुत्र रामगोपाल मीणा की रिपोर्ट पर गिर्राज, गोलू, शिव, पवन, धर्मा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## प्रेसवार्ता में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने बताए जीएसटी कम होने के फायदे

# जीएसटी की घटी दरें भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदमःतोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत बुधवार को शिवपुरी रोड स्थित एक होटल में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के माध्यम से प्रेस वार्ता आयोजित कराई जिसमें सांसद तोमर ने जीएसटी कम होने के फायदे बताते हुए कहा कि जीएसटी की घटी दरें भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की घटी दरों से व्यापारियों के साथ-साथ आमजन को भी फायदा होगा।

भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में, जीएसटी की दरें कम होने और नियमों-प्रक्रियाओं के आसान बनने से लघु एवं कुटीर उद्योगों को चलाने वाले छोटे व्यापारी लाभांवित होंगे। सांसद तोमर ने जीएसटी के फायदे बताते हुए पत्रकारों से इसे प्रचारित करने का आग्रह करते हुए कहा कि आपके द्वारा प्रचारित करने से लोगों को इसके फायदे के बारे जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत थीम दी है। भारत तब विकसित होगा, जब वह आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि आज आत्मनिर्भर भारत मात्र एक संकल्प नहीं है, यह हमारा ध्येय बन चुका है। इस अभियान के तहत संकल्प रथयात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही संकल्प पत्र गांव-गांव भरे जाएंगे।




इस अभियान से समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट, जिला महामंत्री अरविंद जादौन,पूर्व नपाध्यक्ष ओम राठौर, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।


## लूट के मामले में श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला,10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया

# बाइक सवार से लूट करने वाले तीन लुटेरों को दस-दस साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड पर दो साल पहले घटित हुए बाइक सवार युवक के साथ मारपीट और लूट के मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए तीनो लुटेरो को 10-10 साल के सश्रम कारावास और 10-10 साल के अर्थदंड की सजा सुना दी है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की।

जानकारी के अनुसार शहर के शिवपुरी रोड पर कोतवाली थाना क्षेत्र में लूट की यह वारदात 29 जुलाई 2023 को रात्रि पौने 9 बजे तब घटित हुई,जब बाइक सवार एक व्यक्ति कलमी ककरदा से वापस श्योपुर लौट रहा था,इस दौरान तीन लुटेरों ने ईको सेंटर के पास उसकी बाइक को रोकने के बाद बाइक सवार की न सिर्फ मारपीट कर दी,बल्कि उसके पास रखे 5 हजार रूपए और मोबाइल भी लूट लिया था। मारपीट से घायल हुए बाइक सवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट और लूट डकैती की धाराओ में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि पुलिस ने विवेचना के दौरान तीनो लुटेरो को शक्ति उर्फ रफीक पुत्र इब्राहिम निवासी बालापुरा, सत्यनारायण उर्फ नारायण पुत्र फूलिया निवासी राडेप, पप्पू उर्फ इमरान पुत्र ईशाक निवासी बालापुरा को नामजद किया और फिर उन्हें अरेस्ट करके जेल भेज दिया तथा चालान विशेष न्यायालय में पेश किया।



विचारण में विशेष न्यायालय ने तीनो आरोपियों को दोषी मानते हुए बुधवार को 10-10 साल के सश्रम कारावास और 10-10 हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी।

# भीम आर्मी मनाएगी बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि उनके अनुयाई परिनिर्वाण दिवस के रूप में 9 अक्टूबर को मनाएंगे। इसकी तैयारी कर ली गई है। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि 09 अक्टूबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम परिनिर्माण दिवस और उसी दिन जिला की समीक्षा बैठक आयोजन कि जाएंगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से श्रीहजारेश्वर पार्क मेला ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। भीम आर्मी आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम, श्योपुर ने कार्यक्रम कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहने की अपील की है।

# देवर ने विधवा भाभी की कर दी मारपीट,एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक विधवा महिला की उसके देवर ने मारपीट कर दी। यह मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गांव धोरी वावडी का है।पुलिस ने देवर के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है।

रघुनाथपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम धोरीवावडी निवासी सरोज पत्नी स्व राधेश्याम बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपने देवर गोपाल बंजारा से शराब की बोतल घर के बाहर फेंकने की मना की थी(

इसी बात से नाराज होकर गोपाल बंजारा ने गाली गलौच करते हुए मेरी मारपीट कर दी। महिला ने मारपीट के दौरान आई चोटे भी पुलिस को बताई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर उसके देवर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# खेत से घास लेकर घर लौट रही महिला की रास्ते में करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गांव जमूर्दी में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। मंगलवार की शाम को महिला को खेत में करंट तब लगा,जब महिला खेत से घास लेकर अपने घर लौट रही थी।

बुधवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम जमूर्दी निवासी रामा बाई 32 वर्ष पत्नी पातीराम माली मंगलवार की शाम को खेत से घास लेकर जब घर लौट रही थी,तभी एक खेत में लगी बिजली डीपी के सपोर्टिंग तार से उसका हाथ टच हो गया,चूंकि सपोर्टिंग तार में करंट प्रवाहित हो रहा था,इसलिए महिला हाथ टच होते हुए अचैत होकर गिर गई। बाद में परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए,जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### इधर पटोंदा में ग्रामीण की करंट से मौत

कराहल थाना क्षेत्र के गांव पटोंदा में एक ग्रामीण की उस समय करंट लगने से मौत हो गई,जब वह खंभे पर बिजली का तार जोड रहा था। पुलिस ने बताया कि ग्राम पटोंदा निवासी रामचरण आदिवासी 50 वर्ष पुत्र लम्पी आदिवासी मंगलवार की सुबह बिजली के खंभे पर घर की लाइट का तार जोड रहा था,तभी उसे करंट लग गया। परिजन उसे कराहल अस्पताल लेकर पहुंचे,तो वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौपने के बाद मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बारिश से फसल में हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश,अपर कलेक्टर ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले के सभी तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों को बारिश से फसल में हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी कर दिए है। इसी क्रम में बुधवार को अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा ग्राम चकबमूलिया एवं क्यारपुरा में खेतों का भ्रमण कर फसल क्षति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, नायब तहसीलदार मानपुर टीएस लकडा, राजस्व निरीक्षक श्रीपाल अपोरिया, पटवारी आदि उपस्थित रहें। इसके साथ ही उप संचालक कृषि मुनेश शाक्य, कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा के कृषि वैज्ञानिको द्वारा उदोतपुरा, बरखेडा, ललितपुरा आदि ग्रामों का भ्रमण किया गया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के सभी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश जारी किये है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पटवारियों से फसल क्षति का आंकलन तत्काल प्रभाव से करायें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



# वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को घर-घर पहुंचाए कार्यकर्ताः जंडेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकार निर्वाचन आयोग की मदद से लोगों के वोटो की चोरी कर रही है यह लोकतांत्रिक देश में बेहद खतरनाक बात है। इसका मतलब यह है कि संविधान में हमें सरकार चुनने के लिए वोट का अधिकार दिया है वह वोट आपकी मर्जी से नहीं सरकार की मर्जी से डाला जा रहा है। इस वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को कार्यकर्ता सिर्फ मंचो तक सीमित न रखें इस घर-घर पहुंचने का काम करें और हर मतदाता को इसकी जानकारी दें।

यह बात विधायक बाबू जंडेल ने जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में गांधी पार्क पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का शुभारंभ बुधवार को गांधी पार्क पर विधायक बाबू जंडेल और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने अपने फॉर्म भरकर व हस्ताक्षर कर किया।



इस दौरान 5 सैकड़ा से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में फॉर्म भरकर हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि अब यह अभियान विभिन्न वार्डों में शिविर लगाकर किया जाएगा। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, राहुल चौहान, विधायक प्रतिनिधि सिराज दाउदी सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पाली से गोरस तक एनएच 552 का काम कंप्लीट, श्योपुर बायपास से भी ट्रैफिक शुरू

# कनेक्शन न मिलने से बंद हुई नेशनल हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइट, रात में हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पाली से लेकर गोरस तक बन रहे नेशनल हाइवे 552 का काम कंप्लीट हो गया है। निर्माण एजेंसी के अधिकारी दावा कर रहे है कि दांतरदा, सोंईकलां के बाद अब श्योपुर बायपास से भी ट्रैफिक शुरू कर दिया गया है। ऐसे में अब पाली से लेकर गोरस तक वाहनों का सफर सुगमता भरा हो गया है। लेकिन उजाले के लिए इस हाइवे पर जगह जगह लगी स्ट्रीट लाइट बिजली कनेक्शन नहीं मिलने की वजह से जल नहीं पा रही है,जिसकारण इस हाइवे रात में हादसे का घटित होने का डर सता रहा है। निर्माण एजेंसी का कहना है कि हमने महीनेभर पहले ही कनेक्शन के लिए आवेदन कर दिया गया है,लेकिन बिजली कंपनी के द्वारा अभी कनेक्शन नहीं दिया गया है।

टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 का इन दिनों श्योपुर जिले की सीमा में निर्माण कार्य चल रहा है। तीन चरणों में बनने वाले इस हाइवे का काम पहले चरण में पाली पुल से गोरस तक होना है। पाली पुल से गोरस तक 48.400 मीटर लंबे इस हाइवे का निर्माण 234 करोड से कालूवाला कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पाली पुल से लेकर गोरस तक एनएच हाइवे 552 बनकर तैयार हो गया है। दांतरदा,सोंईकलां और श्योपुर में बायपास का निर्माण कंपलीट करते हुए यहां से ट्रैफिक शुरू कर दिया गया है। अब पाली से लेकर गोरस तक बनकर तैयार हुए एनएच 552 पर वाहन सुगमता के साथ गुजरना शुरू हो गए है।



### एनएचएआई दूसरे विभाग को हेंडओवर करेगी सिटी पोर्सन

शहर में नाला निर्माण और हाइवे निर्माण का काम फिलहाल एनएचएआई के द्वारा किया जा रहा है। शहर में इस हाइवे की चौडाई बढाने की जो स्वीकृति मिली है,उसके तहत भी काम शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द शहर के अंदर चल रहा हाइवे निर्माण का कंपलीट हो जाएगा, शहर में हाइवे का काम कंपलीट किए जाने के बाद उसकी एनएचएआई सालभर तक देखरेख करेगी,उसके बाद शहर के सिटी पोर्सन को लोक निर्माण विभाग या फिर नगर पालिका के हैंडओवर करेगी। इसी तरह सोंईकलां और दांतरदा में बायपास बनने के बाद इन कस्बो के अंदर बनाए गए हाइवे निर्माण के हिस्से को भी सालभर की देखरेख के बाद लोक निर्माण विभाग के सुपुर्द किया जाएगा।

### अतिक्रमण न हटने से अटका नाला निर्माण

भलेही एनएचएआई ने पाली से गोरस तक नेशनल हाइवे का काम कंपलीट कर दिया हो,लेकिन शहर श्योपुर में अभी इस हाइवे का निर्माण चल रहा है। श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर के सामने नाला निर्माण कंपलीट हो गया है,लेकिन जय स्तंभ चौक पर गुमटियों का अतिक्रमण न हटने के कारण नाला निर्माण का काम अटका हुआ है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब यहां प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक नाला निर्माण कंपलीट होना संभव नहीं है।

### अब वाहनों को शहर में घुसने की जरूरत नहीं

एनएच 552 के निर्माण के दौरान सबसे बडा बायपास श्योपुर में बनाया गया है। जो रायपुरा से लेकर ईको सेंटर के आगे तक बना हुआ है। निर्माण एजेंसी ने श्योपुर बायपास से ट्रैफिक शुरू कर दिया गया है। इससे सवाईमाधोपुर से शिवपुरी और ग्वालियर की तरफ आने वाले वाहनों को अब श्योपुर शहर में घुसने की जरूरत नहीं है। एनएन 552 से गुजरने वाले सभी तरह के वाहन अब बायपास होकर सुगमता और ईंधन की बचत करते हुए गुजरना शुरू हो गए है। इससे शहर में अब ट्रैफिक का दबाव कम होगा। हालांकि श्योपुर बायपास पर करीब 150 मीटर में डामरीकरण का काम रूका हुआ है,लेकिन विभागीय अधिकारियों का कहना है कि छूटे हिस्से में भी जल्द ही डामरीकरण कर दिया जाएगा,इसके लिए कार्रवाई चल रही है।

### इनका कहना...

पाली से गोरस तक हाइवे का काम पूर्ण हो गया है। सिर्फ श्योपुर बायपास पर कुछ हिस्से में डामरीकरण रह गया है,जिसे भी जल्द कंपलीट करा दिया जाएगा। हाइवे पर लगी स्ट्रीट लाइट बिजली कनेक्शन न मिलने की वजह से चालू नहीं हो पाई है। हमने बिजली कनेक्शन लेने की सारी कार्रवाई कर दी गई है,इस संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों से पत्राचार करेगे।

**विजय अवस्थी**
उप अभियंता,नेशनल हाइवे

एनएच के अधिकारियों ने बिजली कनेक्शन लेने के लिए कार्रवाई कहां तक की है,इसकी जानकारी पता करते हुए बिजली कनेक्शन दिलवाए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

**लक्ष्मीनारायण पाटीदार**
महाप्रबंधक,बिजली कंपनी,श्योपुर

## खबर संक्षेप



### गांव में सड़क नहीं होने से ग्रामवासी परेशान

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर ग्राम खजूरिया खुर्द में सड़क नहीं होने से ग्ारमवासी परेशान है। गांव से दोनो रास्ते पूरे तरह से खराब हो रहे है दो पहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहे हैं। छात्र पास के स्कूल अथाईखेडा जाने और अशोकनगर के लिए लोगों को जाने के लिए कोई भी उचित रास्ता नहीं है। वर्षा काल के समय में पूरी तरह से यह रास्ते बंद हो जाते हैं। ग्राम खजूरिया से ग्ारम सावन और अथाईखेड़ा का कच्चा रास्ता बहुत ही खराब है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पसियापुरा चंदेरी निवासी मानक कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुनील कौली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खमखेडी निवासी गुडडी बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति सुरेश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरका निवासी संजीत गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल और बंटी गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी बृजभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमरपाल यादव, कलेक्टर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बच्चों में बढ़ते कैंसर के लिए जागरुकता अभियान चलाया

**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग ने लायन सुनीता जैन कि अध्यक्षता में जागरूकता अभियान दुर्गा कालोनी स्थित नवचेतन स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रहे क्लब से डायरेक्टर लायन वैशाली सलूजा, प्रियंका मेहता ,सुनीता जैन एवं संतोष चंदेल। कार्यक्रम में संयोजकों द्वारा कैंसर से बचाव के रास्ते और पोषक आहार और व्यायाम पर जोर दिया गया। बच्चों में करीब 100 पैंफलेट बांटे गए ।वैशाली सलूजा ने बताया कि धूम्रपान और शराब से बचें, फल-सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ वजन बनाए रखें, धूप से बचें और सनस्क्रीन का प्रयोग करें, पैकेट बंद चीजों को खाना बंद करें क्योंकि इनमें केमिकल्स होते हैं और प्रिजर्वेटिव्स जो शरीर के लिए बहुत हानिकारक होते हैं। प्रियंका मेहता ने भी इसके लक्षणों के बारे में जानकारी दी। कविता साहू ने गायत्री मंत्र द्वारा सकारात्मक सोच रखने पर जोर दिया। संतोष चंदेल जी ने भी चाय की जगह सुबह पोषक आहार जैसे दूध केला गुड़ चना लेने पर जोर दिया। बच्चों ने शांति पूर्वक समझा और सवालों के जवाब भी दिए। स्कूल और प्रिंसिपल का पट्टिका एवं स्मृतिचिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में सुनीता जैन, फिरोज सुल्ताना,प्रियंका मेहता, वैशाली सलूजा, कविता साहू संतोष चंदेल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

### दिगंबर जैन महासमिति ने वृद्धजनों को फल बांटे

**अशोकनगर।** मंगलवार को दिगंबर जैन महासमिति संभाग अशोकनगर द्वारा परम पूज्य समाधि सम्राट 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी, महा मुनिराज परम पूज या नवाचार्य 108 समय सागर जी महाराज 105 ज्ञानमती माताजी के अवतरण दिवस पर शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपना घर वृद्ध आश्रम मोहरी रोड अशोकनगर पहुंच कर सभी वृद्ध माता एवं बुजुर्गों से चर्चा की स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं सभी को फल वितरण किए गए। कार्यक्रम में अपना घर के व्यवस्थापक कालीचरण एवं महासमिति के अध्यक्ष चंदकुमार जैन सोनी महामंत्री मनीष आदि रहे मौजूद।

## शरद पूर्णिमा पर हुआ भव्य आयोजन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# गंगा आरती के बाद श्रद्धालुओं ने किया मां मोतीचूर में दीपदान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मां मोतीचूर जल एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान समिति के द्वारा मां मोतीचूर नदी घाट पर मंगलवार शाम गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया। गंगा आरती के साथ मोतीचूर नदी को चुनरी उड़ाई गई और कार्यक्रम में शामिल हुए श्रद्वालुओं ने दीपदान किया। आरती के पश्चात अनिल पटेरिया भजन मंडली के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मैइया की चुनर है लाल रंगझ कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना, सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। इसके बाद गंगा मैया की आरती के साथ श्रद्वालुओं ने मां मोतीचूर में दीपदान किया। जिसके बाद मां मोतीचूर को चुनरी उड़ाई गई। जिसके बाद भजनों की शुरूआत हुई। भजन गायक अनिल पटेरिया के द्वारा अंगना पधारो महारानी की शानदार प्रस्तुति दी। भागीरथ कुशवाहा के द्वारा मैया की चुनर है लाल रंग एवं बालकिशन पटेल के द्वारा आज जलवा दिखा तो कन्हैया कुअर की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। भजनों पर उपस्थित श्रद्वालु थिरकते हुए नजर आए। गौरतलब है कि मां मोतीचूर जल एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान समिति के द्वारा हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर गंगा आरती का आयोजन किया जाता है।

### विधायक ने की 51 लाख की घोषणा

कार्यक्रम के समिति संरक्षक एचडी गोस्वामी ने विधायक निर्मला सप्रे से मां मोतीचूर को बीना नदी से जोड़ने की मांग रखी। जिस पर विधायक सप्रे ने इस संबंध में सीएम से चर्चा करने का आश्वासन दिया। साथ ही घाट निर्माण, सौंदर्यकरण, लाईटिंग आदि कार्यों के लिए 51 लाख की राशि देने की घोषणा की।

### घाट पर की गई आकर्षक साज-सज्जा

कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए समिति के द्वारा घाट और रंगीन लाइटों के साथ फब्बारे लगाए गए, जो आकर्षण का केन्द्र रहे। साथ ही नदी के दूसरे और स्क्रीन लगाई गई जिस पर आयोजन का सीधा लाइफ दिखाया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा।

## गुरु का हाथ हो सर पर बलाएं आ नहीं सकती: कवि सुनील समैया

**बीना।** गुरूदेव आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस पर मुनि श्री सुव्रत सागर महाराज के सानिध्य में शरद पूर्णिमा की रात्रि में इटावा जैन मंदिर में ऐतिहासिक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंदिर की गरिमा को ध्यान में रखकर शालीन हास्य ओज गीत की अवरिल धारा लगातार तीन घंटे तक बहती रही। कार्यक्रम की शुरुआत पूज्य मुनि श्री सुव्रत सागर महाराज के सानिध्य में आचार्य गुरूदेव की महाआरती के साथ हुई। तत्पश्चात समाज के बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उसके बाद राजेश सिंघई, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गौरव सिरोठिया, एसडीएम विजय डेहरिया, एसडीओपी नितिन पटेल, व्यवसाई पुनीत समैया के सम्मान के पश्चात उनके आतिथ्य में कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ। कवि सम्मेलन का संचालन हास्य कवि सुनील समैया ने करते हुए गुरूदेव को समर्पित पंक्तियां सुनाते हुए कहा गुरू का हाथ हो सर पर बलाएं आ नहीं सकती, गमों की यह घटा काली कभी भी छा नहीं सकती। गुरू पर आस्था रखना सुनो तुम अय जहां वालों, खड़ी हो मौत दर पर भी कभी ले जा नहीं सकती। कविता को सुनते ही लोग श्रृद्धा से भर गए। लखनऊ से पधारी कवियत्री शिखा श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। साथ ही विधा सुव्रत धाम के सम्मान में पंक्तियों को पड़ते हुए कहा कि बीना की पावन धरा पर, उभरा अनुपम धाम, संस्कृति का रक्षक बना, सुब्रत-विद्या नाम। पांडुलिपि से झर रहा, युग-युग का इतिहास, जैन समाज का गौरव यह, अमर रहेगा ख़ास। पंक्तियों पर खूब तालियां बटोरी। जबलपुर से पधारे जैन दर्शन और हास्य के कवि राकेश राकेन्दू ने तो अपने आध्यात्मिक गीत गुरू महिमा के छंदों से पूरे माहौल को भक्ति मय करके फिर अपनी हास्य रचनाओं से खूब हंसाया। आगरा से पधारे हास्य कवि राम राहुल की तब उन्होंने हंसाते हुए शानदार कविताएं भी पढ़ी। गोंदिया तिरोडी से आए हास्य कवि दिनेश देहाती का तब उन्होंने शालीन हास्य टिप्पणी और ज्ञानवर्धक रचनाओं से खूब तालियां बटोरी। तत्पश्चात लाफ्टर फेम महरोनी से आए संजय पांडे भारत का तो उन्होंने जैन दर्शन की पंक्तियां नमोकार के उच्चारण से, मीठी बोली हो जाएगी, और सभी में अव्वल प्यारे, तेरी टोली हो जाएगी। आचार्य श्री विद्या सागर के, केवल चरण बना देना, वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ, रंगोली हो जाएगी। कार्यक्रम में सकल जैन समाज उपस्थित रहा।




## समाज परिवर्तन में अपना योगदान दें

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल पठार अशोकनगर में मप्र राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सन्तोष शर्मा ने की। मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह भदौरिया प्रांतीय संगठन मंत्री, विशेष अतिथि हरिसिंह रघुवंशी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ, प्रदीप शर्मा ,प्रदीप दिखित रहे।

इस अवसर पर सन्तोष शर्मा ने कहा कि आज हम मप्र राज्य कर्मचारी संघ का 47 वां दिवस मना रहे है हमारा संगठन 56 विभाग में द्वितीय श्रेणी से चतुर्थ श्रेणी के बीच मैं काम करने वाला एकमात्र संगठन है हमे गर्व है कि हम इस संगठन के सदस्य है। आज कर्मचारियों के प्रति हमारी जवाबदेही भी बहुत अधिक है उन्होंने सभी तहसील ओर ब्लॉक की कार्यकारणी से समन्वय बैठाकर काम करने ओर प्रत्येक विभाग मैं अपनी विभागीय समिति बनाने पर जोर दिया। बीएमएस के जिला मंत्री हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने विभिन्न क्षेत्र मे काम करने हेतु अनेकानेक संगठनों की स्थापना की उनमें से राज्य कर्मचारी संघ भी एक है। उन्होंने कहा वर्तमान मे संघ के स्थापना दिवस के शताब्दी वर्ष मैं संघ के अनेक कार्यक्रम चल रहे है हम सभी को उन कार्यक्रमो मैं बढ़चढ़ कर भाग लेना है और पंच परिवर्तन के पांच कार्यक्रमो को सफल बनाना है।

सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने अपने उद्बोधन मैं कहा कि आज का दिन विशेष दिन है कि हम अपना स्थापना दिवस संघ के शताब्दी वर्ष मैं मना रहे है। संघ ने इस शताब्दी वर्ष मैं पंच परिवर्तन के लिए कार्यक्रम तय किये है। हम सभी को इन पंच परिवर्तन के कार्यक्रमो मैं बढ़ चढ़कर भाग लेना है और समाज परिवर्तन मैं अपना योगदान देना है। इसके लिए अच्छे साहित्य का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा संघ ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की जो असंगठित क्षेत्र मे काम करता था तब संगठित क्षेत्र मे कार्य करने के लिए 6 अक्टूबर को मप्र राज्य कर्मचारी संघ की स्थापना की गई तब से यह कर्मचारियों की अनेक समस्याओं के लिए निरन्तर कार्य कर रहा है और बहुत सी समस्याएं हल करवाई है। उन्होंने कहा कि जिले मे सभी इकाइयों को कंधे से कंधा मिलाकर जिला टीम का सहयोग करें ओर संगठन की रीति नीति से काम करें।कार्यक्रम के अंत मे जिला सचिव विष्णु प्रसाद साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम मे जिले की सभी तहसीलों ओर ब्लॉक के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के साथ सैकड़ों सदस्यगण उपस्थित रहे।

# नईसराय में दिव्यांगता स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को नईसराय तहसील प्रांगण में 0से 18 वर्ष के दिव्यांगजनों के 39 पंजीयन हुए, जिनमें से 21 दिव्यांग प्रमाणपत्र, 18 यूडीआईडी जारी हुए, जन प्रतिनिधि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। शिविर में मेडीकल बोर्ड के चिकित्सक दल नें जांच पश्चात प्रमाणपत्र प्रदान किए।

इस दौरान कलेक्टर जिला अशोकनगर आदित्य सिंह के निर्देश अनुसार स्वच्छ पेयजल,बैठक भोजन सहित आवश्यक व्यवस्था की गई। दिव्यांगजनों को स्वच्छता का संकल्प दिलाकर स्वच्छ आदतें अपनाने हेतु प्रेरित किया इस दौरान मैडिकल बोर्ड के सदस्य डॉ आर. के.जैतवार , डॉ राम गुर्जर डॉ संदीप भल्ला , डॉ बी.एल.टैगोर, जनपद स्टाफ, प्रभारी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रामवीर सिंह धाकड़, पंचायत इंस्पेक्टर बाबूराम दोहरे, पंचायत सचिव श्रीमती सीमा प्रजापति एडीईओ एवं सेक्टर प्रभारी तरुण भगत सहित समस्त ड्यूटी स्टाफ उपस्थित रहा इसी क्रम में जितेंद्र पुत्र लालजीराम ओझा निवासी नईसराय शिविर मैं अपने भाई के साथ गया हुआ था उसकी स्थिति देखकर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेंद्र रघवंशी द्वारा उसे प्रतिमा 300 रुपए देने देने का वादा किया। रामेंद्र रघवंशी ने कहा मैं जीवन भर इसको 300 प्रतिमा इसके खर्चे के लिए दूंगा यह घोषणा सुनकर वहां पर खड़े सभी व्यक्तियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष की जमकर सरहाना की एवं तारीफ की।




### लायंस हेल्पिंग हैंड ने मनाया पशु पक्षी दिवस


**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में मनाया पशु पक्षी दिवस। सेवा सप्ताह के अंतर्गत प्रांत द्वारा प्रेषित कार्यक्रमों में शामिल पशु पक्षी दिवस दिवस मनाने के लिए क्लब सदस्य कोलुआ रोड स्थित गौशाला में पहुंचे। कार्यक्रम की संयोजक रही लायन वैशाली सलूजा एवं प्रियंका मेहता। संयोजिका ने बताया कि गौसेवा को हिंदू धर्म में एक पवित्र और पुण्यदायी कार्य माना जाता है। इसमें गायों को चारा-पानी देना, बीमार गायों का इलाज करवाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है।गौसेवा से न केवल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य मिलता है, बल्कि यह पितृदोष से मुक्ति, देवी-देवताओं का आशीर्वाद और सभी मनोकामनाओं की पूर्ति का माध्यम भी है। हेल्पिंग हैंड क्लब द्वारा हर वर्ष कुछ कार्यक्रम गौसेवा के लिए जरूर किए जाते हैं। क्लब सदस्यों द्वारा गायों को हरि घास, गुड़, चन्ना डाल, रोटी, और कच्चे फल सब्जी, चुन्नी, आदि खिलाया गया। एवं संकल्प लिया गया कि हर वर्ष गौसेवा के लिए जरूर कार्य करेंगे। गौसेवक सोनू जैन जी का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में सुनीता जैन, पीएमजेफ वैशाली सलूजा, फिरोज सुल्ताना मिथलेश यादव एवं प्रियंका मेहता उपस्थित रहे।

## 30 उपभोक्ताओं की शिकायत पर दुकान की गई सील

# काछी बरखेड़ा में अंगूठा लगाकर नहीं दिया राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अषोकनगर

मंगलवार को बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत काछी बरखेड़ा की उचित मूल्य की राषन दुकान प्रषासन द्वारा सील की गई है। इस दुकान से करीब 30 उपभोक्ताओं को राषन नहीं दिए जाने के आरोप हैं। बताया गया है कि ग्राम पंचायत काछी बरखेड़ा के कुछ ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह कलेक्टर आदित्य सिंह को व्हाट्सएप पर एक षिकायत भेज कर बताया था कि उन्हे बीते दो माह से राषन नहीं दिया जा रहा है। दुकानदार ने करीब बीस दिन पहले घर-घर जाकर सभी उपभोक्ताओं से पॉज मषीन पर अंगूठे भी लगवा लिए हैं और राषन मांगने पर टालमटोल कर रहा है। इस षिकायत के बाद दोपहर में



नायब तहसीलदार कैलाष मालवीय, राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण अहिरवार, पटवारी लोकेन्द्र षर्मा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कर्मचारी के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हे बताया कि दुकानदार द्वारा दो माह से राषन नहीं दिया जा रहा एवं कुछ दिन पहले अंगूठे भी मषीन पर लगवा लिए हैं। इस संबंध में जब दल दुकान पर पहुंचा तो उसमें ताले लगे हुए थे। दुकानदार ने बताया कि दुकान की चाबी समिति प्रबंधक के पास है। प्रषासनिक अधिकारियों ने समिति प्रबंधक अरविंद दीक्षित को फोन किया तो उन्होंने स्वंय को आने में असमर्थ बताया। जिसके बाद प्रषासनिक दल ने दुकान के दोनों दरवाजों पर ताले लगाकर उन्हे सील किया है। इस संबंध में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी प्राची षर्मा का कहना था कि उन्हे मामले की जानकारी नहीं है।

## श्रद्धालुओं ने शहर में निकाला चल समारोह, सामाजिक संगठनों ने किया रामायण का पाठ

# जिले में महर्षि बाल्मीकि जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर।

जिले में महर्षि बाल्मीकि जी का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिले के मुंगावली, नईसरायं और जिला मुख्यालय पर चल समारोह निकाले गए।

जिला मुख्यालय अशोकनगर में मनया गया महर्षि बाल्मीकि का जन्मोत्सव शहर के बाल्मीक मोहल्ला में बाल्मिक मंदिर पर समाज द्वारा सुबह से ही पूजा अर्चना प्रारंभ हो गई थी। यहां पर रामायण का पाठ किया गया और कई सामाजिक संगठनों ने मंदिर पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि जी के चरणों में पुष्प अर्पित किए। समाज जनों से भेंट की इस दौरान दोपहर 3:00 बजे से महर्षि वाल्मीकि मंदिर से एक चल समारोह में महर्षि बाल्मीकि एक झांकी भी सजाई गई थी। इस चल समारोह में विमान को लेकर श्रद्धालु चलते हुए साथ में नजर आए। जिन मार्गों से चल समारोह निकला उन मार्गों पर समाजजनों द्वारा महर्षि बाल्मीकि जी आरती की, श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाया। चल समारोह में युवक और युवतियां नाचंते गाते हुए देखे गए। समाज जनों द्वारा चल समारोह निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ बाल्मिक मंदिर पर पहुंचा जहां समाज जनों ने प्रसाद वितरण किया। महर्षि वाल्मीकि जयंती हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। वर्ष 2025 में यह जयंती 7 अक्टूबर को मनाई गई।





इस दिन महर्षि वाल्मीकि की पुण्यतिथि के रूप में उनके योगदान और जीवन की महत्ता को श्रद्धा और उत्साह से याद किया जाता है। वाल्मीकि जी को संस्कृत साहित्य का प्रथम कवि और रामायण के रचयिता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने रामायण महाकाव्य की रचना की थी। जो धर्म, सत्य, न्याय, और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देता है। उन्होंने सत्य और धर्म का मार्ग अपनाकर रामायण की रचना की। उनके आश्रम में माता सीता ने वनवास का समय बिताया तथा उनके पुत्र लव-कुश का जन्म भी वहीं हुआ।



रामायण में करीब 24,000 श्लोक हैं, जो इसे संस्कृत के सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रंथों में से एक बनाते हैं। 2025 में जयंती कार्यक्रम श्रद्धालु इस दिन शोभा यात्राओं में भाग लेते हैं और वाल्मीकि जी की शिक्षाओं का संचार करते हैं।

### महर्षि बाल्मीकि जयंती पर निकाला चल समारोह

नईसराय तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को महर्षि बाल्मीकि जयंती पर लोहट समाज के द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो से धूमधाम से चल समारोह चल समारोह निकाला गया। चल समारोह का प्रारंभ बाल्मिकी मंदिर से शुरू हुआ जो कि डुंगासरा रोड से कुशवाह मोहल्ला से पंडित गली होते हुए पुराना हाट बाजार से मेन मार्केट से बस स्टेंड से म्याना रोड से होकर चल समारोह वापिस महर्षि बाल्मीकि मंदिर पहुंचा। जहा पर महा आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ ही चल समारोह का समापन किया गया। चल समारोह में क्षेत्र सहित बाहर से आए समाज के लोग शामिल हुए चल समारोह महर्षि बाल्मीकि जी को रथ पर सवार लव कुश एवं माता सीता की झाकी ननन्हो बच्चों की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा एवं विवान में महर्षि वाल्मीकि जी की छायाचित्र रखकर विमान को अपने कंधों पर रखकर चल रहे थे। चल समारोह में लोहाट समाज के लोगों के साथ ही अन्य समाजजन भी चल समारोह में शामिल हुए।

### धूमधाम से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर के मल्हारगढ़ रोड़ स्थित महर्षि बाल्मीकि मंदिर से पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई महर्षि बाल्मीकि को पालकी में सवार कर चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया जहाँ लोगो के द्वारा जगह जगह महर्षि बाल्मीकि की पूजा अर्चना की नगर में जगह जगह चल समारोह का स्वागत किया गया चल समारोह में भारी संख्या में महिला श्रद्धालु भी सम्मलित हुई शोभायात्रा में ढ़ोल नगाड़ो की धुन पर श्रद्धालु नाचते नजर आए। चल समारोह बड़ी की धूमधाम से नगर में निकाला गया तो नगर भृमण के साथ बाल्मीकि मंदिर पर समाप्त हुआ।